22/08/16
3:20pm

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद कन्नौज।

पत्रांक/बेसिक/3118-22 /2016–17/ दिनांक 22.8.16

आवश्यक सूचना

शासनादेश सं0 1760/79–5:2015–14(10)/2010 शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 16 जून 2016 के अनुपालन में सचिव उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद के पत्रांक सं0/बे0शि0प0/5856–948/2016–17/ दिनांक 03.08.2016 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में बी0टी0सी0, विशिष्ट बी0टी0सी0, द्विवर्षीय उर्दू प्रवीणताधारी बी0टी0सी0 प्रशिक्षण एवं डी0एड0 (विशेष शिक्षा) बी0एल0एड0 प्रशिक्षण प्राप्त एवं 1 से 5 तक (प्राथमिक–स्तर) की शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों, जिन्होंने उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के 16448 सहायक अध्यापकों के सापेक्ष जनपद को आवंटित 275 पदों पर नियुक्ति किये जाने हेतु दिनांक 16.08.2016 एवं 17.08.2016 को काउन्सिलिंग करायी गयी। उक्त दिनांक 16.08.2016 एवं 17.08.2016 को आयोजित होने वाली काउन्सिलिंग में उपस्थिति एवं अर्ह अभ्यर्थी जिनके मूल अभिलेख कार्यालय में जमा है, को सम्मिलित करते हुए आवंटित पदों के सापेक्ष वर्गवार/श्रेणीवार चयन सूचियां निर्गत की गयी। जिनका कट–ऑफ–मेरिट एवं रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है।

वर्ग/श्रेणी	आवंटित पदों की संख्या	भरे गये पदो की सं0	चयनित कट ऑफ मेरिट	रिक्त पदों की संख्या
विशेष आरक्षण से भिन्न				
सामान्य जाति	138	59	67.62	79
अनुसूचित जाति	58	27	54.10	31
अनुसूचित जनजाति	05	00	00.00	05
अन्य पिछड़ी जाति	74	10	57.98	64
योग–	275	96		179
विशेष आरक्षण–				
6. दृष्टिबाधित विकलांग	03	01	66.27	02
7. श्रवण वाधित विकलांग	03	00	00.00	03
8. चलन प्रक्रिया विकलांग	02	01	66.66	01
9. स्व0 सं0 से0 आश्रित	05	01	64.00	04
10. भूतपूर्व सैनिक	14	03	55.83	11

उक्त चयन के उपरान्त रिक्त पदों हेतु जनपद से प्रशिक्षण प्राप्त /प्रथम वरीयता के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से भिन्न अन्य कोई अभ्यर्थी जिनके द्वारा नियमानुसार ऑनलाईन आवेदन किया गया है, वे **दिनांक 24.08.2016 को प्रातः 10:00 बजे अपने समस्त मूल शैक्षिक अंकपत्र/प्रमाण पत्र शपथपत्र व अन्य प्रमाण पत्रों सहित बी0आर0सी कन्नौज (इण्डेन गैस एजेन्सी के पास) में चयन समिति के समक्ष प्रत्येक दशा में उपस्थित** होना सुनिश्चित करें।

चयन/नियुक्ति की कार्यवाही जनपद हेतु निर्धारित सीटों के प्रति एवं काउन्सिलिंग में सहायक अध्यापक पद हेतु निर्धारित अर्हताओं की जांच में सही पाये जाने की स्थिति में की जायेगी। काउन्सिलिंग में उपस्थित न होने की दशा में आवेदक के अभ्यर्थन पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

22-08-16
(अखण्ड प्रताप सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद कन्नौज

पृ0सं0/बेसिक/3110-22 /2016–17/तद्दिनांक :–

प्रतिलिपिः–निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7. जिलाधिकारी महोदय, कन्नौज की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
8. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद।
9. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, छिबरामऊ, कन्नौज।
10. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, (बेसिक) कानपुर मण्डल कानपुर।
11. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी कन्नौज को इस आशय से कि कृपया उक्त आवश्यक सूचना को जनपद की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

22-08-16
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद कन्नौज